<u>**Sixteenth Loksabha**</u>

>

Title: Need to start flight from Chakarbhata Airport in Bilaspur district, Chhattisgarh - Laid.

श्री लखन लाल साहू (बिलासपुर): मेरे संसदीय क्षेत्र अंतर्गत जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़ राज्य का दूसरा सबसे बड़ा शहर है, जो एक महत्वपूर्ण स्थान है। बिलासपुर में बहुत से सार्वजनिक एवं शासकीय संस्थान हैं। छत्तीसगढ़ होईकोर्ट, रेलवे जोन, एसईसीएल मुख्यालय, सैंट्रल युनिवर्सिटी जैसे अनेक व्यावसायिक और औद्योगिक संस्थान यहां संचालित होते हैं। साथ ही सकरी और चकरभाठा में सैनिक छावनी भी है। चकरभाठा बिलासपुर में तत्काल विमान सेवा को अतिशीघ्र प्रारंभ करने से जनता को परेशानी से निजात मिलने के साथ ही उचित राजस्व की प्राप्ति भी होगी।

केन्द्र सरकार व राज्य सरकार से निजी एयरलाइन्स एयर ओड़िशा से करार के मुताबिक सभी कार्यवाही कर ली गई है। केन्द्र सरकार के द्वारा विमानपत्तन छत्तीसगढ़ को फंड भी रिलीज कर दिया गया है। डीजीसीए से मान्यता मिल चुकी है फिर भी देरी की जा रही है। चकरभाठा एयरपोर्ट को शीघ्र प्रारंभ करने की मांग करता हूं। इसे अतिशीघ्र प्रारंभ कराये जाने हेतु विमानपत्तन छत्तीसगढ़ को निर्देशित किया जाये।